**नशा मुक्ति अभियान योजना के अन्तर्गत आयोजित स्पर्धा का विज्ञापन प्रारूप प्रदेश संस्करण में शासकीय दर से दिनांक 06.09.2026 को** न्यूनतम स्थान में **प्रकाशनार्थ विज्ञापन प्रारूप**

## उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम् (उत्तराखण्ड सरकार)

संस्कृतभवनम्, रानीपुरझाल, ज्वालापुर, हरिद्वारम्– 249407 (उत्तराखण्ड)

## संस्कृत स्लोगन एवं संस्कृत गीत लेखन स्पर्धा

विज्ञापन सं. 09/प्रका0/उ.सं.सं./2026–27, दिनांक 03 सितम्बर, 2026

उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम् (उत्तराखण्ड सरकार) के द्वारा संस्कृत भाषा के प्रचार–प्रसार एवं नशा उन्मूलन के दृष्टिगत ''नशा मुक्ति अभियान योजना'' के अन्तर्गत स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रतिभागियों से नशामुक्ति पर आधारित संस्कृत भाषा में स्लोगन एवं संस्कृत गीत दिनांक 18.09.2026 की सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित किये जा रहे है। संस्कृत स्लोगन लेखन स्पर्धा के अन्तर्गत प्रथम पुरस्कार रू. 3100 /– द्वितीय पुरस्कार रू. 2100 /– एवं तृतीय पुरस्कार रू. 1500 /– तथा 02 सान्त्वना पुरस्कार 1100–1100 की धनराशि व प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार संस्कृत गीत लेखन स्पर्धा के अन्तर्गत प्रथम पुरस्कार रू. 7500 /– द्वितीय पुरस्कार रू. 5100 /– एवं तृतीय पुरस्कार रू. 3100 /– तथा तथा 02 सान्त्वना पुरस्कार 2100–2100 की धनराशि व प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। उपर्युक्त दोनों स्पर्धाओं के नियम, दिशा–निर्देश आदि के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण सूचना एवं आवेदन पत्र प्रारूप संस्थानम् की वेबसाइट www.uksa.uk.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

**(प्रो0 विनय कुमार)**
सचिव।

(प्रो0 विनय कुमार)
सचिव।
उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम्
हरिद्वार।

# उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम्

(उत्तराखण्ड सरकार)

# नशामुक्ति अभियान योजना 2026–27

## संस्कृत स्लोगन एवं संस्कृत गीत लेखन स्पर्धा

(नियमावली)

उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम् (उत्तराखण्ड सरकार) के द्वारा संस्कृत भाषा के प्रचार–प्रसार एवं नशा उन्मूलन के दृष्टिगत "नशा मुक्ति अभियान योजना" के अन्तर्गत नशामुक्ति पर आधारित संस्कृत भाषा में स्लोगन एवं संस्कृत गीत लेखन स्पर्धा आयोजित की जा रही है जिस हेतु रचनाकारों से स्लोगन एवं संस्कृत गीत निम्नवत् आमन्त्रित किये जाते हैं–

1. प्रत्येक प्रतिभागी के द्वारा स्लोगन एवं संस्कृत गीत हेतु निर्धारित पृथक्–पृथक् आवेदन पत्र पूरित कर अपनी रचना सहित उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम् की ई–मेल Office-uksa@ukgovernment.in पर अथवा uksa2002@gmail.com पर प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

2. आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि 18 सितम्बर, 2026 सायं 05:00 बजे तक निर्धारित है। अन्तिम तिथि व समय के बाद प्राप्त रचनाओं (संस्कृत स्लोगन, संस्कृत गीत) पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

3. संस्कृत स्लोगन लेखन स्पर्धा के अन्तर्गत प्रत्येक प्रतिभागी के द्वारा "नशामुक्ति" पर आधारित न्यूनतम 03 संस्कृत स्लोगन संस्कृत भाषा में (हिन्दी अर्थ सहित) लिखे हुए स्वीकार्य होंगे। 03 से न्यून पर स्लोगन को स्पर्धा में सम्मिलित नहीं किया जा सकेगा।

4. संस्कृत गीत लेखन स्पर्धा के अन्तर्गत प्रत्येक प्रतिभागी के द्वारा "नशामुक्ति" पर आधारित रचित संस्कृत गीत की 01 टंकित प्रति (हिन्दी अर्थ सहित) जिसमें 08 पद्य (स्थाई 03 अन्तरा या 12 से 18 पंक्तियाँ) शीर्षक व रचनाकार के नाम सहित आवेदन पत्र के साथ प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

5. प्रतिभागी द्वारा प्रेषणीय स्लोगन एवं संस्कृत गीत में राष्ट्रविरोध, संस्कृतविरोध, व्यक्तिगत आक्षेप, राजनैतिक टिप्पणी नहीं होनी चाहिए।

6. कोई एक प्रतिभागी संस्कृत स्लोगन एवं संस्कृत गीत– इन दोनों स्पर्धाओं में प्रतिभाग कर सकता है।

7. मौलिक/अनूदित रचना, गीत की धुन (तर्ज) उत्तराखण्ड के सांस्कृतिक, धार्मिक उत्सव, पर्व, मेले आदि उत्सवों के अवसर पर गाये जाने वाले गीतों पर भी आधारित हो सकते हैं।

8. संस्कृत गीत अनूदित होने की स्थिति में मूल गीतकार/लेखक का अनुवाद हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न कर उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होगा।

9. प्राप्त संस्कृत स्लोगन एवं संस्कृत गीतों का मूल्यांकन दो संस्कृत विद्वान् निर्णायकों से कराया जाएगा। निर्णायकों द्वारा दिये जाने वाले अधिकतम 200 अंकों के समेकित आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता घोषित किये जाएंगे। निर्णायकों का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।

10. संस्कृत स्लोगन हेतु प्रथम पुरस्कार रू. 3100 /– द्वितीय पुरस्कार रू. 2100 /– एवं तृतीय पुरस्कार रू. 1500 /– तथा 02 सान्त्वना पुरस्कार रू. 1100–1100 की धनराशि व प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

11. संस्कृत गीत हेतु प्रथम पुरस्कार रू. 7500 /– द्वितीय पुरस्कार रू. 5100 /– एवं तृतीय पुरस्कार रू. 3100 /– तथा तथा 02 सान्त्वना पुरस्कार रू. 2100–2100 की धनराशि व प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

12. पुरस्कार प्राप्ति से पूर्व संस्कृत गीत स्पर्धा में घोषित प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सान्त्वना स्थान प्राप्त करने वाले रचनाकारों के द्वारा गीतगान की वीडियो बनाकर उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम् को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।

13. निर्धारित पुरस्कार राशि, प्रमाण पत्र व नियमानुसार यात्रा व्यय संस्थानम् के द्वारा प्रदान किया जायेगा।

14. नशामुक्ति अभियान योजना के अन्तर्गत आयोजित स्पर्धा हेतु प्राप्त होने वाली समस्त रचनाओं पर उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम् का सर्वाधिकार होगा।

15. उक्त पर अन्तिम व सर्वमान्य निर्णय सचिव, उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम्, हरिद्वार का होगा।

| | | |
|---|---|---|
| (किशोरी लाल रतूड़ी) | (डॉ0 हरीशचन्द्र गुरुरानी) | (प्रो0 विनय कुमार विद्यालंकार) |
| प्रकाशन अधिकारी | शोध अधिकारी | सचिव |

# उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम् (उत्तराखण्ड सरकार)

## नशामुक्ति अभियान योजना 2026–27

### संस्कृत स्लोगन एवं संस्कृत गीत लेखन स्पर्धा

### आवेदन पत्र

**स्पर्धायाः नाम (संस्कृत स्लोगन / संस्कृतगीतम्) चिह्नीकरोतु**

1. नाम ........................................................................................................

2. पितुः नाम ..............................................................................................

3. पदनाम ....................................................................................................

4. संस्थानाम ..............................................................................................................................

5. पत्राचार–संकेत: .......................................................................................................................
..........................................................................................................................................

6. जन्मतिथि ...................................................... 7. वाट्सएप संख्या ........................................

8. आधारसंख्या (छायाप्रतिः संयोजनीया) ..........................................................................

9. ई–मेल ..................................................................................................................................

8. संस्कृतगीतस्य शीर्षकम् ..................................................

9. संस्कृतगीतस्य स्वरूपम्– (i) मौलिकम् (ii) अनूदितम्

## घोषणा

संस्कृत स्लोगन/संस्कृतगीतस्य स्पर्धानिमित्तम् इदं संस्कृत स्लोगन/संस्कृतगीतं मम मौलिकी/अनूदिता रचनाऽस्ति, इयं मे रचना निर्विवादिनी इत्यपि घोषयामि।

**दिनांकः ............................** **प्रतिभागिनः हस्ताक्षराणि**